1936

हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार

13 मार्च 2023, बरेली

PAGE NO 08 MIDDLE

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में आयोजित नेफ्रोकॉन कांफ्रेंस में मौजूद लोग।

शरीर में सूजन की न करें अनदेखी

बरेली। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में रविवार को दो दिवसीय पहली नेफ्रोकॉन कांफ्रेंस का समापन हुआ। दूसरे दिन पेपर प्रेजेंटेशन के साथ साइंटिफिक कांफ्रेंस में विशेषज्ञों ने गुर्दा रोग से संबंधित विषयों पर व्याख्यान दिया। कांफ्रेंस में विशेषज्ञों ने माना कि डायबिटीज जैसी बीमारियों में तो किडनी की देखभाल के लिए समुचित जांच आवश्यक है ही। साथ में शरीर में सूजन, पेशाब की मात्रा का अचानक कम होना जैसे शरीर में होने वाले छोटे छोटे बदलाव को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।